# 812 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 08 मई तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 812 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 8 मई को हनुमान रूण्डी व अम्बिका नगर से 3 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़ा गया।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वयं अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

09-05-21

स्वदेश - भारत

9-5-2021

संक्रमण की रफ्तार को देखते हुए क्षेत्रों में किया जा रहा सैनिटाइजर का छिड़काव

# 398 नए पाजिटिव मिले और छह की मौत

रतलाम। जिले में कोरोना का कहर बढ़ता जा रहा है। मई माह के आठवें दिन शनिवार को 398 नए पाजिटिव केस सामने आए। छह की मौत भी हुई। 55 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 3038 है। मई के आठवें दिन में 2875 नए संक्रमित सामने आए हैं और 1697 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। 35 मौत हुई। पेंडिंग सैंपलों की संख्या भी 1500 से अधिक बनी हुई है।



मेडिकल कालेज के आक्सीजन सिलिंडर रूम को सैनिटाइज करते हुए निगम कर्मचारी। • नईदुनिया

### जिले में कोरोना की अब तक की स्थिति

| | |
|---|---|
| पाजिटिव | 13682 |
| स्वस्थ हुए | 10415 |
| मौत | 229 |
| एक्टिव मरीज | 3038 |

### मेडिकल कालेज में 99 नान आक्सीजन बेड खाली

शासकीय मेडिकल कालेज में शनिवार को 53 नए मरीज भर्ती हुए। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। 463 मरीज हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 451 पाजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में 99 नान आक्सीजन बेड खाली है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 4744, डिस्ट्रीब्यूटेड 1101, कन्ज्यूम्ड 3642, करंट स्टाक 01 है। उन्होंने बताया कि मरीजों और उनके स्वजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में निरंतर वृद्धि की जा रही है।

### माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्रों में हैंड मशीन से सैनिटाइजेशन

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइज किया जा रहा है। शनिवार को फायर लारी व ट्रैक्टर के माध्यम से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, सखवाल नगर, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, गांधी नगर टीआइटी बिल्डिंग, राम बाग, हरमाला रोड, फूल मंडी, स्टेशन रोड, दिलबहार चौराहा सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि को सैनिटाइज किया गया।

### 119 मेडिकल किट वितरित

ई-दक्ष केंद्र से शनिवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 119 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। इसके तहत सूची अनुसार 81 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण किया गया। 11 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया। नौ मरीजों के कांटेक्ट नंबर व पते गलत पाए गए। तथा नौ मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया। छह मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।



रहवासी क्षेत्र में सैनिटाइजेशन करते हुए निगम कर्मचारी। • नईदुनिया

नई दुनिया
9-5-2021

# माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन



रतलाम नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व टेऊक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 08 मई को फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, सखवाल नगर, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, गांधी नगर टीआईटी बिल्डिंग, राम बाग, हरमाला रोड, फुल मण्डी, स्टेशन रोड, दिलबहार चौराहा सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

# नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

## नगर के विभिन्न क्षेत्रों को फायर लॉरी से किया सेनेटाईज



रतलाम। रतलाम नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व टेऊक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 07 मई को फायर लॉरी व टेऊक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, जवाहर नगर मुक्तिधाम, राम बाग, माली कुआं, हरमाला रोड, शांति नगर, शुभ विहार कालोनी, टीआईटी रोड, सिविक सेन्टर, राम मंदिर सब्जी मण्डी, देवरा देव नाराण नगर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंठ क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

# दो दिन में 759 नए संक्रमित और स्वस्थ हुए 70

## कोरोना से जंग ● मई में संक्रमितों की संख्या ज्यादा और स्वस्थ होने वालों की कम

रतलाम। मई माह में कोरोना की रफ्तार में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं। अप्रैल से जारी संक्रमण की दूसरी लहर का कहर अभी भी बरकरार है। हर दिन संक्रमितों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। मई के सात दिनों पर नजर डालने पर नए संक्रमितों की तुलना में स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा कम है। बीते दो दिन से स्वस्थ होने वालों की संख्या में अप्रत्याशित गिरावट आई है। दो दिन में केवल 70 मरीज ही स्वस्थ होकर घर लौटे हैं।

जिले में चारों तरफ कोरोना संक्रमण तेजी से पैर पसार रहा है। पिपलौदा, जावरा, बिलपांक, सरवन, आलोट, नामली आदि इलाकों में बड़ी संख्या में नए पाजिटिव केस सामने आ रहे हैं। इससे शहर से लेकर गांव-कस्बों में भय का माहौल बना हुआ है। शासन-प्रशासन द्वारा बचाव के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन कुछ लोगों की लापरवाही के साथ पाजिटिव मरीजों के उपचार में जरूरी इंतजामों की कमी से स्थिति बिगड़ी हुई है।

मई माह में लगातार सात दिनों से नए संक्रमितों का आंकड़ा 300 के पार जा रहा है। चालू माह के सात दिनों में 2477 नए पाजिटिव केस सामने आए हैं, वहीं 1642 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया है। 29 लोगों की मौत भी हुई है। बीते दो दिनों से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या में काफी कमी आई है। दो दिन में केवल 70 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे हैं, वहीं दस गुना से अधिक 759 नए पाजिटिव केस सामने आए हैं। इससे विभिन्न शासकीय व निजी अस्पतालों में उपचाररत मरीजों व उनके स्वजनों की चिंता बढ़ी है।

**फल व सब्जी की बिक्री को प्रतिबंधित करना न्याय संगत नहीं** : सामाजिक कार्यकर्ता समीर तलेरा ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। इसमें बताया गया कि कोरोना महामारी में शहर का हर नागरिक शासन-प्रशासन के साथ है, लेकिन बार-बार कोरना गाइड-लाइन में किए जा रहे बदलाव से आमजन परेशान हो रहे हैं। गुरुवार को जारी आदेश में फल व सब्जी की बिक्री को पूर्ण प्रतिबंधित किया गया है। उनका कहना है कि वर्तमान में महामारी का दौर चल रहा है। इसमें हर नागरिक को इम्युनिटी की आवश्यकता है। ऐसे समय में फल व सब्जी की बिक्री को प्रतिबंधित करना न्याय संगत नहीं है। एक तरफ शासन आर्थिक गतिविधियों को भी जिंदा रखना चाहता है, वहीं दूसरी तरफ इस आदेश से इस व्यवसाय में उत्पादक-विक्रेता दोनों को आर्थिक नुकसान होगा और आम जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ होगा।

### मई के सात दिनों पर नजर

| तारीख | मरीज मिले | स्वस्थ हुए | मौत |
|---|---|---|---|
| 01 मई | 325 | 306 | 05 |
| 02 | 345 | 293 | 01 |
| 03 | 355 | 329 | 05 |
| 04 | 308 | 228 | 05 |
| 05 | 385 | 316 | 05 |
| 06 | 380 | 050 | 04 |
| 07 | 379 | 020 | 04 |



### टीका लगवाने के बाद भी मास्क जरूरी है

अब हमें कोरोना से डरना नहीं लड़ना है। यदि कोरोना को कोई हरा सकता है तो वो हम खुद ही है। इसके लिए मुंह पर मास्क लगाएं। अपने हाथों को बार-बार सैनिटाइज करें। दो गज की दूरी बनाए रखें। जब भी आपका नंबर आए टीका लगवाकर स्वयं, देश व समाज को सुरक्षित कीजिए।



– **महेश पाटीदार**, एडवोकेट, प्रीतमनगर

लाकडाउन के नियमों का पालन कर टीका लगवा बहुत जरूरी है। साथ ही खाद्य सामग्री व दवाइयों की कालाबाजारी पर प्रशासन को अंकुश लगाकर नागरिकों को राहत प्रदान करना चाहिए। आपके परिवार के लिए आप एक जिम्मेदार सदस्य है। इस वैश्विक आपदा में घर के अंदर रहें-सुरक्षित रहें।



-**सोनू कांठेड़**, व्यवसायी, बजाजखाना जावरा

कोरोना से बचाव के लिए शारीरिक दूरी बहुत जरूरी है। मुंह पर मास्क नियमित रूप से लगाएं और सैनिटाइजर का उपयोग करें। अपने हाथों को बार-बार साबुन से धोएं। बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें और कोरोना गाइड-लाइन का कड़ाई से पालन करें।



– **बुलबुल पांचाल**, छात्रा, रतलामी गेट, जावरा



कोरोना महामारी से जूझते हुए एक वर्ष से ज्यादा समय बीत चुका है। यह देखने में आ रहा है की आमजन अभी भी बहुत ज्यादा लापरवाही कर रहे है। बिना वजह लोग घर से बाहर निकल जाते हैं। प्रशासन के नियमों का पालन भी नहीं कर रहे हैं। मुंह पर मास्क लगाएं व वैक्सीन जरूर लगवाएं। अभी मास्क ही वैक्सीन है।



– **सुरेश उपाध्याय**, किराना व्यापारी, बराड़

समूची मानवता कोविड-19 की भीषण चपेट में है। इस समय वायरस तो सबसे बड़ा संकट है ही, गलत जानकारियां और भ्रामक ज्ञान जानलेवा साबित हो रहा है। इलाज में जरा-सी भी देरी या लापरवाही हमारे अपनों पर भारी पड़ रही है। लोगों को वैक्सीन के दोनों डोज समय पर लगवाना चाहिए।



-**अनमोल पोरवाल**, चार्टर्ड अकाउंटेंट, सोमवारिया जावरा

शहरों व गांव में कोरोना के मरीज प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। इस समय मास्क ही सबसे बड़ा हथियार है, जो आपको कोरोना से बचा सकता है। एक मास्क अनेक जिंदगी बचा सकता है। लाकडाउन के नियमों का पालन कर प्रशासन को सहयोग करें और टीका जरूर लगवाएं।



– **वीरेंद्र सिसौदिया**, कार्यकारी चेयरमैन, भारतीय रेडक्रास, सिविल अस्पताल रोड जावरा

कोरोना को हराना है तो मास्क लगाने के साथ टीका जरूर लगवाना है। कुछ लोग बिना वजह बाजारों में घूमते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। बुखार, सर्दी, खांसी होने पर अस्पताल जाकर जांच करवाएं।



-**धर्मेंद्रसिंह तोमर**, डायरेक्टर व पूर्व मीडिया प्रभारी रेडक्रास, खारीवाल कालोनी जावरा

नई दुनिया,
7-5-2021

(6)

# किल कोरोना अभियान के तहत नगर में आठ कोविड सहायता केन्द्रों का संचालन

रतलाम। शासन निर्देशानुसार कोविड-19 के परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए ''किल कोरोना-3'' अभियान के तहत रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है जिसमें नगर निगम अधिकारी/कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है। 'किल कोरोना-3' अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36 व 31 हेतु टीआईटी रोड डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 30, 31 व 32 हेतु जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट रोड, वार्ड क्रमांक 27, 28 व 29 हेतु दिलीप नगर डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 हेतु मोती नगर प्राथमिक स्कूल, वार्ड क्रमांक 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 हेतु हाकिमवाड़ा डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 हेतु सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गणेश नगर व वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 व 14 हेतु रेडक्रास भवन बिरियाखेड़ी मेन रोड पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है। उक्त केन्द्रों पर नियुक्त नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा कोविड सहायता केन्द्र पर नियुक्त मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु श्री नईम मोहम्मद खान प्रभारी ए.पी.एम. मो.नं. 9685330094 व श्री लोकेश वैष्णव प्रभारी बी.ई.ई. मो. नं.7999606919 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कोविड सहायता केन्द्र पर शीघ्रातिशीघ्र सर्दी/खांसी/एम्/ के लक्षण वाले रोगियों की प्राथमिक जांच एवं परामर्श दिया जायेगा, गले में खराश/सांस लेने में कठिनाई/बदन दर्द/ सिर दर्द के साथ बुखार आदि लक्षण युक्त रोगियों का लक्षण आधारित उपचार व संभावित कोविड-19 रोगियों का निकटस्थ फीवर क्लीनिकपर रेफरल का कार्य किया जायेगा। 7 दिवस में किसी भी प्रकार बुखार तथा बुखार के साथ कोई अन्य लक्षण जैसे की बुखार के साथ सर्दी-खाँसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, कमजोरी, चक्कर, दस्त, गंध अथवा स्वाद कम होने पर नागरिक अपने नजदीकी कोविड सहायता केन्द्र पर संपर्क करें।

स्वतंत्र भारत

स्वतंत्र भारत 9-5-2021

## नागरिक कोई परेशानी होने पर अपने नजदीकी सहायता केंद्र पर संपर्क करें

रतलाम। कोविड-19 के परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए ''किल कोरोना-3'' अभियान के तहत रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है जिसमें नगर निगम अधिकारी/कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है। नागरिक किसी प्रकार की स्वास्थ्य परेशानी होने पर अपने नजदीकी सहायता केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं। ''किल कोरोना-3'' अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36 व 31 हेतु टीआईटी रोड डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 30, 31 व 32 हेतु जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट रोड, वार्ड क्रमांक 27, 28 व 29 हेतु दिलीप नगर डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमाक 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 हेतु मोती नगर प्राथमिक स्कूल, वार्ड क्रमांक 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 हेतु हाकिमवाड़ा डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 हेतु सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गणेश नगर व वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 व 14 हेतु रेडक्रास भवन बिरियाखेड़ी मेन रोड पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है। उक्त केन्द्रो पर नियुक्त नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कोविड सहायता केन्द्र पर नियुक्त मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु श्री नईम मोहम्मद खान प्रभारी ए.पी.एम. मो.नं. 9685330094 व लोकेश वैष्णव प्रभारी बी.ई.ई. मो. नं. 7999606919 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इन्दौर समाचार

इन्दौर समाचार 9-5-2021

# गंदगी मिलने पर झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक पर होगी कार्यवाही

रतलाम । स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डो की समुचित

**असर** • गंगासागर टंकी से 11 घंटे देरी से हुई सप्लाई

# 24 घंटे में खुल गया जॉइंट, गोशाला रोड तरबतर हुआ

## हड़बड़ी में किए गए मेंटेनेंस ने दिया दगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

खटीक मोहल्ला सहित आसपास के छह इलाकों की पानी की समस्या को दूर करने नई लाइन बिछाकर शुक्रवार को गोशाला चौराहे से गुजर रही मुख्य पाइप लाइन से जोड़ा गया था। जल्दबाजी में किया गया यह ज्वाइंट शुक्रवार सुबह सप्लाई के समय ही लीकेज हो गया। सप्लाई के बाद दोपहर को इसे ठीक किया गया। उसके बाद टेस्टिंग की तो जोड़ फिर खुल गया। इससे हजारों लीटर पानी बह गया, जिससे गोशाला सहित आसपास की सड़कों पर पानी ही पानी हो गया।

उधर गंगासागर टंकी से पिछले आठ दिनों से 11 घंटे की देरी से पानी दिया जा रहा है। लॉकडाउन में लगातार देरी से मिल रहे पानी की वजह से पटरी पार के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



ज्वाइंट लीकेज होने से गोशाला रोड पर बहता पानी।

### पुरानी लाइन से प्रेशर नहीं मिल रहा था

अभी खटीक मोहल्ला, मदीना मसजिद क्षेत्र, वेदव्यास कॉलोनी, हरिजन बस्ती, राजेंद्र नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में पुरानी लाइन से सप्लाई होती है। 40 साल पुरानी पाइप लाइन कई जगह लीकेज है व जाम हो रही है। समस्या को दूर करने के लिए नगर निगम ने खटीक मोहल्ला से यहां तक नई पाइप लाइन बिछाई थी। जलप्रदाय इंजीनियर सत्यप्रकाश आचार्य ने बताया इसे शुक्रवार को गोशाला चौराहे की मुख्य पाइप लाइन से जोड़ा गया था। सुबह सप्लाई दी तो लीकेज हो गया। दोपहर में ठीक कर शाम को टेस्ट कर रहे थे कि आधे घंटे में ही फिर लीकेज हो गया। फिर से ठीक कर रहे हैं।

**बिगड़ा शेड्यूल अब तक सही समय पर नहीं आ पाया :** 10 दिन पहले पाइप लाइन फूटने के बाद जलप्रदाय विभाग ने गंगासागर टंकी से पानी सप्लाई सुबह 5 से 10 बजे की बजाय शाम को 4 से 8 बजे तक किया था। इसके बाद से यही शेड्यूल चल रहा है। इंजीनियरों का कहना है कि अब 1 दिन का ब्रेक लेना पड़ेगा।

दै० भास्कर 9-5-2021

## दिन में बहता रहा पानी



# 398 पॉजिटिव

## रतलाम में एक दिन में मिले अब तक के सबसे ज्यादा संक्रमित, 6 ने दम तोड़ा

### मरीजों में 11 बच्चे भी शामिल

भास्कर संवाददाता | रतलाम

9-5-21

जिले में कोरोना संक्रमण बेकाबू हो चुका है, शनिवार को 398 पॉजिटिव मिले हैं, जो अब तक एक दिन में मिले केस में सर्वाधिक है। इधर, 6 लोगों की कोरोना के कारण मृत्यु भी हो गई। ऐसा पहली बार ही हुआ है जब 1 दिन में एक साथ 6 लोगों ने दम तोड़ा। जिले में इससे पहले 5 मई को सर्वाधिक 385 पॉजिटिव सामने आए थे। इधर शनिवार को मिली रिपोर्ट में 11 बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें 13 साल के चार बच्चे, 11 साल के दो, 10 साल के दो, 8 साल के दो और एक 6 साल का बच्चा है। जिले में अब कुल संक्रमितों की संख्या 13669 हो गई है। इधर, शनिवार को 55 लोग ठीक होकर अपने घर भी पहुंचे।

**जिले में अब तक कुल 229 मौत-** जिले में शनिवार को 6 लोगों ने कोरोना से दम तोड़ा। अब तक 1 दिन में 5 लोगों की मौत के मामले ही सामने आ रहे थे। रिद्धि सिद्धि अपार्टमेंट के 85 साल के पुरुष, पंचेड़ के 42 साल के पुरुष, मोती नगर की 51 साल की महिला, नामली के 50 साल के पुरुष, कल्याण की 65 साल की महिला और वकील कॉलोनी के 63 साल के पुरुष शामिल है। जिले में अब तक 229 लोग कोरोना से जान गवां चुके हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में फैल रहा कोरोना, सिर्फ 28% केस रतलाम के

इधर, कोरोना अब ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अपनी पकड़ बना रहा है। शनिवार को मिली लिस्ट में सिर्फ 28% केस ही रतलाम शहर के थे। कुल 398 पॉजिटिव सामने आए, जिसमें रतलाम शहर के 115 तो वहीं ग्रामीण के 283 केस थे। बिलपांक में 90 पॉजिटिव मिले हैं। पिपलौदा में 18 केस सामने आए। बिलपांक में 2 दिन में 117 मामले सामने आ चुके हैं।

डॉ० [signature]

9-5-2021

समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने वालों के लिए वार्ड स्तर पर 8 सहायता केंद्र शुरू

# तुरंत उपचार के लिए अब पास के स्वास्थ्य केंद्र पर भी सुविधा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com
9-5-2021

**रतलाम.** शहर में तेजी से फैलते कोरोना संक्रमण को देखते हुए "किल कोरोना-3" अभियान की शुरुआत शहर में शनिवार से हुई। इसके तहत 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है, जहां पर जाकर कोई भी व्यक्ति अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करा सकता है। इन केंद्रों पर नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है।

कोरोना संक्रमण को कम करने के लिए और लोगों को समय पर उपचार मिल सके उसके लिए उनके पास में ही केंद्र स्थापित किए गए हैं। आमजन को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य परेशानी होने पर अपने नजदीकी सहायता केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं। यहां पर मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाएगा और यदि किसी में कोरोना के लक्षण पाए जाते हैं तो उन्हें जांच के लिए फीवर क्लीनिक भेजा जाएगा। दरअसल कई लोग ऐसे हैं जो कि बीमार होने के बाद भी अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं जिसके चलते उनकी बीमारी और बढ़ जाती है। ऐसे में इस समय पर उन्हें उपचार मिल सके उसके लिए सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## इनकी नियुक्ति की

प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए सहायता केंद्रों पर नियुक्त नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कोविड सहायता केन्द्र पर नियुक्त मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए नईम मोहम्मद खान प्रभारी ए.पी.एम. व लोकेश वैष्णव प्रभारी बी.ई.ई. को नोडल अधिकारी बनाया गया है।



## 2250 लोगों का किया टीकाकरण

जिले में शनिवार को 2250 लोगों का टीकाकरण किया गया। 18 से 44 वर्ष आयु समूह के ऑनलाईन प्री बुकिंग के आधार पर आईएमए हॉल पर 134 व मोहन टॉकीज पर 136 लोगों ने टीकाकरण कराया। 45 वर्ष से अधिक आयु समूह अंतर्गत अल्कापुरी कम्युनिटी हॉल पर 500 लोगो ने, माहेश्वरी धर्मशाला पर 357, जैन काश्यप सभागृह पर 418 लोगों ने, रेडक्रॉस मीटिंग हॉल जावरा पर 140, अंबेडकर भवन अलोट पर 86 और पोरवाल धर्मशाला ताल पर 53 लोगों ने टीका लगवाया। पुराना कलेक्ट्रेट पर 426 फ्रंटलाईन वर्कर्स को कोविड का टीका लगाया गया।

## मेडिकल कॉलेज में दी आवश्यक दवाएं



स्व. केशर बाई नेमीचंद कोठारी परिवार द्वारा मेडिकल कॉलेज को दो लाख पचास हजार रुपए की आवश्य दवाई मेथीप्रेडनी सोलन पिप्रासिलिन टैजोबेक्टम, सेफ्टरक्सोन सुल्बक्टम , क्लीन्डामाईसीन, हाइड्रो कोर्टिसोन, मेरोपेनम, नेबुलाइजर, डेक्साओना इंजेक्शन, यूरिन पॉट, ऑक्सिमिटर इंजेक्शन एवं उपकरण कोठारी केमिस्ट और कोठारी मेडिकल एजेंसी द्वारा डीन डॉ जितेंद्र गुप्ता को पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी, महेन्द्र कोठारी, कमलेश कोठारी, पवन कोठारी, मनीष शर्मा, जयेश राठौर, धीरज वर्मा, धर्मेंद्र, मुबारिक आदि द्वारा प्रदान की गई।

## हर जगह सैनेटाइजेशन

नगर के निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से शनिवार को सैनिटाइजेशन किया गया। साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। निगम द्वारा फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है।

## शहर में कहां- कहां बनी डिस्पेंसरी

- अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36 व 31 के लिए टीआईटी रोड डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 30, 31 व 32 के लिए जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट।
- वार्ड क्रमांक 27, 28 व 29 के लिए दिलीप नगर डिस्पेंसरी।
- वार्ड 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 के लिए मोती नगर प्राथमिक स्कूल।
- वार्ड क्रमांक 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 के लिए हाकिमवाड़ा डिस्पेंसरी।
- वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 के लिए सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल।
- वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गणेश नगर।
- वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 व 14 के लिए रेडक्रॉस भवन बिरियाखेड़ी मेन रोड पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है।

## मेडिकल कॉलेज से 22 व्यक्ति डिस्चार्ज

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से स्वस्थ होकर शनिवार को 22 व्यक्ति घर लौटे। डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि 53 नए मरीज भर्ती हुई। हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 सभी फुल है, एचडीयू में 172 बैड सभी फुल हैं। ऑक्सीजन बेड 120 सभी फुल हैं। नॉन ऑक्सीजन बैड 202 में से 103 पर मरीज भर्ती हैं। कुल 463 मरीज हॉस्पिटल में भर्ती है, इनमें 451 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 99 है।

## होम आइसोलेट 138 मरीजो को किया मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम।कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु नगर में वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से 07 मई शुक्रवार को होम आईसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 173 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई व कन्ट्रोल रूम से 1 मेडिसिन किट। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 138 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 9 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 8 मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये गये तथा 8 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 10 मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।

## होम आईसोलेशन के 81 मरीजों को मेडिसिन किट

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से 08 मई शुक्रवार को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 119 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई व कन्ट्रोल रूम से 1 मेडिसिन किट। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 81 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 11 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 9 मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये गये तथा 9 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 6 मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।

## मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय जारी

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचारत कोविड-19 के मरीजो को किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज मे पहुंचाने का कार्य प्रतिदिन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है साथ ही इस कार्य में सतत् निगरानी भी रखी जा रही है। नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा मेडिकल कॉलेज के संविदाकारों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सतत निगरानी

मास्क नहीं पहनने से बाज नहीं आ रहे

# कार्रवाई: दो दुकानदारों पर केस, 46 को खुली जेल में भेजा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

9-5-21

रतलाम. लॉक डाउन की सख्ती के बाद भी कुछ लोग ऐसे है जो बिना काम के और बिना मास्क के बाजार में घुमकर कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने मे बाधक बने हुए है। ऐसे लोगो के खिलाफ लगातार कार्रवाई के बाद भी ये लोग घरो से निकलकर तफरीह करने बाजार पहुंच रहे है। ऐसे लोगो पर पिछली रात पुलिस ने लाठियां भांजकर घर के लिए भगाया फिर भी लोग नही मान रहे है। दूसरी तरफ कुछ दुकानदार भी अपनी दुकाने खोलकर कोरोना फैलने मे मददगार बन रहे है।

थाना माणक चौक अंतर्गत पवन माली 35 निवासी मराठों का वास अपने घर मराठा का वास में लोगो की भीड़ लगाकर सब्जी एवं फल का विक्रय करता पाया गया। राजकुमार जैन 50 निवासी पंचांग तेजा नगर ने सिलावट का वास स्थित धर्मेंद्र हार्डवेयर नामक दुकान खोल कर लोगों की भीड़ लगाई।

इधर लॉक डाउन में बिना किसी वजह बाहर घूमने वाले व्यक्तियो के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 46 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर अस्थाई जेल मे निरुद्ध किया। मास्क का उपयोग न करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 163 व्यक्तियों से समन शुल्क वसूला गया। इन्हें पुलिस ने मास्क का वितरण भी किया। वहीं मोटर व्हिकल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 88 व्यक्तियों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई है।

पत्रिका 9-5-2021

यह गलत है.... अस्थायी सब्जी मंडी में कोरोना कर्फ्यू की उड़ रही हैं धज्जियां



# गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हेल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हेल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जावेगी। निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिया जाये।

9-5-2021

# नए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम आज संभालेंगे कार्यभार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 9-5-21

रतलाम. कलेक्टर के तबादले के बाद शनिवार को हर किसी को नए कलेक्टर के आने का इंतजार था लेकिन वह नहीं आए। रविवार को नवागत कलेक्टर रतलाम आएंगे और दोपहर में कार्यभार संभालेंगे। रतलाम आने के पूर्व उज्जैन में संभाग आयुक्त संदीप यादव से मुलाकात करके यहां आकर कार्यभार संभालेंगे। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को शासन द्वारा रतलाम कलेक्टर रहे गोपाल चंद्र डाड का तबादला करते हुए उन्हें मुख्यालय बुला लिया और उनके स्थान पर गुना कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को रतलाम जिले की कमान सौंपी गई है।



पत्रिका 9-5-2021

# टीके पर फोकस व गांवों में संक्रमण रोकने की चुनौती लेकर करेंगे काम

- ज्वाइनिंग से पहले नए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने फीडबैक लिया

## खुद हराया, अब कोरोना को भी रोकेंगे



नए कलेक्टर